मानार्थ कार्ड पास

22. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रेल मंत्रालय द्वारा जारी किए गए वातानुकूलित प्रथम दर्जे सहित मानार्थ कार्ड पास जारी करने के लिए क्या दिशा निर्देश हैं ;

(ख) इस सुविधा के उपयोग की शर्तें क्या हैं ; और

(ग) किस-किस श्रेणी के लोग द्वितीय दर्जे से यात्रा करने के लिए मानार्थ कार्ड सुविधा प्राप्त करने हेतु पात्र हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) से (ग) प्रतिष्ठित व्यक्तियों तथा अखिल भारतीय स्तर के सामाजिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक, साहित्यिक, खेलकूद और शैक्षणिक आदि गतिविधियों में कार्यशील संगठनों को रेल मंत्रालय द्वारा मानार्थ कार्ड पास दिए जाते हैं। दिशा निर्देशों/प्रत्येक मामले के गुणदोष के आधार पर ऐसे पास जारी किए जाते हैं। ये पास एक या अधिक क्षेत्रीय रेलों पर विशिष्ट वैधता अवधि, जो सामान्यतः एक समय में एक वर्ष से अधिक नहीं होती, के लिए विशेष दर्जे में यात्रा के लिए सुलभ कराये जाते हैं। इस कार्ड पास से धारक इसमें उल्लिखित विशिष्ट स्टेशनों के बीच अथवा किसी रेलवे स्टेशन से किसी स्टेशन तक यात्रा करने का पात्र है।

उत्तर प्रदेश में आतंकवादी

23. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 25 जून, 1991 से अब तक उत्तर प्रदेश में किन-किन जनपदों में आतंकवादियों द्वारा लोगों की हत्याएं की गई और उन्हें घायल किया गया तथा प्रत्येक स्थान पर कितने लोग मारे गये और घायल हुए ;

(ख) मरने वालों तथा घायल होने वालों में कितने पुलिसकर्मी थे और उनमें से प्रत्येक पुलिसकर्मी किन-किन पदों पर कार्यरत था ; और

(ग) क्या कोई गिरफ्तारी की गई है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम.एम. जेकब) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जायेगी।

इलाहाबाद में रसोई गैस कनेक्शन के लिए प्रतीक्षा सूची

24. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 31 अक्तूबर, 1991 तक जनपद इलाहाबाद में रसोई गैस कनैक्शन प्राप्त करने के लिए कितने लोग प्रतीक्षा की सूची में थे ;

(ख) इन सभी लोगों को रसोई गैस कनैक्शन कब तक मिल जाने की संभावना है ; और

(ग) इलाहाबाद जनपद में 20 नवम्बर, 1990 से 20 जून, 1991 की अवधि के बीच कुल कितने व्यक्तियों को गैस कनक्शन जारी किए गए ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी. शंकरानन्द) : (क) लगभग 62,000।

(ख) अधिक से अधिक आवेदकों को एल०पी०जी० कनेक्शन यथाशीघ्र देने के प्रयत्न जारी हैं।

(ग) लगभग 5855 कनेक्शन।